>

Title: Need to provide adequate quantity of DAP, Urea and NPK Fertilizers to farmers in Gwalior Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर): ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के किसानों को रबी फसल की तैयारी के लिए खाद (डी.ए.पी. यूरिया, एन.पी.के.) उपलब्ध न होने के कारण किसानों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति ग्वालियर जिले के चारों तहसील भितरवार, डबरा, घाटीगांव, मुरार में है।

माननीय केन्द्रीय मंत्री, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार से आग्रह है कि रबी की फसल की अच्छी पैदावार हेतु पर्याप्त मात्रा में मध्य प्रदेश को डी.ए.पी. यूरिया एवं एन.पी.के. का कोटा आवंटित किया जाए ताकि ग्वालियर को भी उचित मात्रा में खाद उपलब्ध हो सके।